भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
01.12.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 482 का उत्तर

रामायण यात्रा ट्रेन

482. श्री प्रतापराव जाधव:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री रवि किशन:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्रीमती माला राय:
श्री बिद्युत बरण महतो:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार/आईआरसीटीसी ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही में दिल्ली से नई ट्रेन 'रामायण यात्रा ट्रेन' का परिचालन शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त ट्रेन के किन मार्गों तथा शहरों को कवर किए जाने की संभावना है;

(ग) उक्त ट्रेनों में सरकार/आईआरसीटीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली संभावित सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त ट्रेनों में यात्रा करने के संबंध में कोई दिशा-निर्देश जारी किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त विशेष ट्रेनों से रेलवे को राजस्व के संदर्भ में कितना लाभ मिलने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): हाल ही में, दिल्ली से इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा संचालित रामायण यात्रा गाड़ी एक विषयगत एसी डीलक्स पर्यटक सर्किट गाड़ी है। उक्त गाड़ी द्वारा कवर किए गए गंतव्यों में दिल्ली सफदरजंग-अयोध्या- सीतामढ़ी-

वाराणसी, माणिकपुर जं.-नासिक रोड- होसपेट-रामेश्वरम-दिल्ली सफदरजंग शामिल हैं। हर दौरे में बाजार की मांग के आधार पर एक अलग विषय, अवधि और मार्ग हो सकता है।

(ग): पर्यटक सर्किट गाड़ियां एक व्यापक पैकेज प्रदान करती हैं जिसमें रेल परिवहन, सड़क यात्रा, सभी प्रकार के भोजन, दृष्यावलोकन, आवास, टूर मैनेजर/एस्कॉर्ट, यात्रा बीमा आदि शामिल हैं।

(घ): आईआरसीटीसी दौरों को डिजाइन करता है और इन दौरों की बुकिंग, विपणन और संचालन करता है। आईआरसीटीसी ने कोविड-19 के प्रसार को रोकने और आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्यटक गाड़ियों/दौरों के लिए निवारक उपायों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाएं जारी की हैं।

(ङ): इन रेलगाड़ियों के परिचालन का उद्देश्य देश में रेल आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना है। मौजूदा नीति के अनुसार, भारतीय रेल ऐसी पर्यटक सर्किट गाड़ियों के परिचालन के लिए रेल किराया आईआरसीटीसी को प्रभारित करती है।

****

S.K